**Series–B**

Roll No.........................

Total No. of Questions–12] [Total No. of Printed Pages–16

**A-903-B-X-2324**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।



https://www.hpboardonline.com

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजियेः

आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं। ठण्डी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर तरंग-झंकार-सी कर उठो। यह क्या है-यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथडे, अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध खेत में बिठा रही है। उनका कण्ठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर! बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं; मेंढ़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उटते हैं; वे गुनगुनाने लगती हैं; हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं; रोपनी करने वालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं। बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू!



https://www.hpboardonline.com

## भाग–अ

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(च) बालगोबिन भगत क्या कर रहे हैं?

(छ) बालगोबिन के संगीत का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ज) राम वृक्ष बेनुपुरी ने इस गद्यांश में किस अवसर का वर्णन किया है?

(झ) इस गद्यांश को पढ़कर आपके मन में बालगोबिन भगत का जो चित्र उभरता है; उसे अपने शब्दों में लिखिये।

(ञ) बालगोबिन भगत के कण्ठ से क्या निकल रहा है?

## भाग–ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) पाठ का नाम है:

(ट) बालगोबिन भगत

(ठ) भगत



https://www.hpboardonline.com

(ड) भगत बालगोबिन

(ढ) बालगोबिन।

(ख) बालगोबिन भगत का शरीर किससे लिथड़ा हुआ था?

(ट) खून

(ठ) दूध

(ड) कीचड़

(ढ) दही।

(ग) 'पुरवाई' का क्या अर्थ है?

(ट) ठण्डी

(ठ) आग

(ड) हवा

(ढ) वर्षा।

(घ) लेखक का नाम हैं:

(ट) रामवृक्ष

(ठ) बेनीपुरी



https://www.hpboardonline.com

(ड) रामवृक्ष बेनीपुरी

(ढ) बेनीपुरी रामवृक्ष।

(ङ) औरतों के होंठ क्यों काँपने लगते हैं?

(ट) ठण्ड से

(ठ) डर से

(ड) गुनगुनाने के लिए

(ढ) नहाने से।

(च) बालगोबिन भगत अपने खेत में क्या कर रहे हैं?

(ट) रोपनी

(ठ) पनी

(ड) नहा

(ढ) आग सेंक।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: $3\times2=6$

(क) सेनानी न होते हुए भी चश्में वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?



https://www.hpboardonline.com

(ख) लेखक सेकंड क्लास के डिब्बे में यात्रा क्यों कर रहा था?

(ग) काशी में हो रहे कौन-से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे?

(घ) बिस्मिल्ला खाँ को कौन-कौन से पुरस्कार प्राप्त हुए थे?

(ङ) फ़ादर बुल्के भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसा किस आधार पर कहा गया है?

3. बालगोबिन भगत के गाँव का सामाजिक-साँस्कृतिक परिवेश आषाढ़ चढ़ते ही उल्लास से क्यों भर जाता है?

**अथवा**

पान वाले का एक रेखा चित्र प्रस्तुत कीजिये। 1×4=4

4. निम्नलिखित काव्याँश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज

मैं न सकता देख



https://www.hpboardonline.com

मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!
चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उंगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान!

## भाग-अ

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(क) अवतरण में निहित भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

(ख) कवि ने किस-किस को धन्य माना है और क्यों?

(ग) कवि ने स्वयं को क्या कहा है?



https://www.hpboardonline.com

(घ) बच्चे और कवि के बीच माध्यम कौन बना?

(ङ) कवि को किसकी मुस्कान छविमान लग रही थी?

## भाग-ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) कविता का नाम है:

(ट) उत्साह

(ठ) संगतकार

(ड) कन्या दान

(ढ) यह दंतुरित मुसकान।

(ख) कवि का नाम है:

(ट) जयशंकर प्रसाद

(ठ) देव

(ड) नागार्जुन

(ढ) सूरदास।



https://www.hpboardonline.com

(ग) इनमें से 'अतिथि' का पर्यायवाची नहीं है:

(ट) मेहमान

(ठ) निराला

(ड) आगंतुक

(ढ) पाहुन।

(घ) 'तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान' में किसकी बात कही गयी है?

(ट) शिशु की

(ठ) माँ

(ड) चिरप्रवासी

(ढ) दादी।

(ङ) 'मधुपर्क' का अर्थ है:

(ट) शहद, जल, घी, दही, चीनी का समाहार

(ठ) शहद

(ड) जल, घी, चीनी का समाहार

(ढ) जल, घी का समाहार।


https://www.hpboardonline.com

(च) 'आँखें-दिखाना' मुहावरे का अर्थ है।

(ट) आमना-सामना होना।

(ठ) चार आँखें होना

(ड) नाराज होना

(ढ) क्रोध करना।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 3×2=6

(क) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिये? https://www.hpboardonline.com

(ख) परशुराम ने लक्ष्मण को गुरुद्रोही क्यों कहा है?

(ग) 'प्यारी राधिका को प्रतिबिंब सो लगत चंद' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट करते हुए बताइए कि इसमें कौन सा अलंकार है?

(घ) चाँदनी रात की सुन्दरता को कवि ने किन-किन रूपों में देखा है?

(ङ) कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है?



https://www.hpboardonline.com

6\. माँ ने बेटी को क्या-क्या सीख दी? विस्तार से लिखिये।

**अथवा**

'मृगतृष्णा' किसे कहते हैं? 'छाया मत छूना' कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है? स्पष्ट कीजिये। 4

## खण्ड-ख

7\. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 3×2=6

(क) 'माता का अँचल' पाठ में माता-पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य व्यक्त हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिये।

(ख) कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?

(ग) जॉर्ज पंचम की नाक लगने की खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे?

(घ) टुन्नू और दुलारी ने भारत के स्वाधीनता आंदोलन में अपना योगदान किस प्रकार दिया?

(ङ) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?



https://www.hpboardonline.com

8. देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिये?

**अथवा**

'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस प्रकार भिन्न है? स्पष्ट कीजिये। 4

## खण्ड-ग

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 5×2=1(

(क) वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिये:

(च) मैंने उस बच्चे को देखा जो स्कूटर चला रह था। (सरल वाक्य में बदलिये

(छ) तुम बस रूकने के स्थान पर चले जाओ। (मिश्र वाक्य में बदलियें

(ख) उद्देश्य और विधेय छाँटिये:

(च) मैंने साँप देखा जो बड़ा भयंकर था।

(छ) सभी लोगों ने वह सुन्दर दृश्य देखा।



https://www.hpboardonline.com

(ग) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:

(च) मैं रोटी खाता हूँ।

(कर्मवाच्य में बदलिये)

(छ) मुझसे पत्र नहीं लिखा गया।

(कर्तृवाच्य में बदलिये)

(घ) (1) 'आजीवन' समस्त पद में समास का नाम है:

(ट) अव्ययीभाव समास

(ठ) द्वंद्व समास

(ड) तत्पुरुष समास

(ढ) द्विगु समास।

(2) 'दोपहर' समस्त पद में समास का नाम है:

(ट) द्विगु समास

(ठ) द्वंद्व समास

(ड) अव्ययीभाव समास

(ढ) तत्पुरुष समास।



https://www.hpboardonline.com

(ङ) (1) 'हम विद्यालय जा रहे हैं।' में क्रिया है:

(ट) अकर्मक क्रिया

(ठ) सकर्मक क्रिया

(ड) प्रेरणार्थक क्रिया।

(ढ) द्विकर्मक क्रिया।

(2) 'जो पढ़ा-लिखा न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है।

(ट) अनपढ़

(ठ) साक्षर

(ड) पढ़ा-लिखा

(ढ) साक्षरता।

10. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी **एक** विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिये: 8

(क) प्रदूषण की समस्या: भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण से हानियाँ, रोकने के उपाय, उपसंहार।



https://www.hpboardonline.com

(ख) स्वास्थ्य के लिए व्यायामः भूमिका, स्वस्थ शरीर क्यों, अस्वस्थ होने से हानियाँ, स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम, शारीरिक और मानसिक व्यायाम, उपसंहार।

(ग) हिमाचल प्रदेशः भूमिका, राज्य की स्थापना, अनेक देव स्थान, राजधानी, उन्नति के पथ पर, प्रसिद्ध मेले, फलों के बाग-वन, उपसंहार।

(घ) नैतिक शिक्षा का महत्त्वः भूमिका, नैतिक शिक्षा की आवश्यकता क्यों?, नैतिक शिक्षा के अभाव के दुष्परिणाम, लाभ, उपसंहार।

(ङ) मोबाइल वरदान या अभिशापः भूमिका, मोबाइल का प्रयोग, दोष, उपसंहार।

11. प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को आर्थिक दण्ड क्षमा करने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिये।

**अथवा**

अपने मित्र को छुट्टियों में किसी पर्यटन स्थल का भ्रमण करने के लिए पत्र लिखिये। 7



https://www.hpboardonline.com

12. विजय शर्मा बस से हैदराबाद जा रहे हैं। बस किराये को लेकर शर्मा जी और बस कंडक्टर के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिये। लगभग 50 शब्दों में।

**अथवा**

आपके विद्यालय में मनाये गये वार्षिकोत्सव पर प्रतिवेदन लिखिये। 5

https://www.hpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.hpboardonline.com